[श्री धनिक लाल मण्डल]

उस को अस्वीकृत कर दिया। तो आप नियम 60 के तहत मुझ को एक मिनट अपनी बात कहने का मौका दे सकते हैं....

MR. SPEAKER: No. This I cannot allow.

(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय:** शास्त्री जी, आप क्या कहना चाहते हैं ?

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना): मैं यह कहना चाहता हूं, चुनाव आयोग के बारे में मैं नहीं कह रहा हूं, मैं तो यह कह रहा हूं कि यह जिम्मेदारी सरकार की है कि कहीं चुनाव करवा दें। तो मैं यह जानना चाहता हूं कि इस मुल्क में कोई सरकार है या नहीं ?....(**व्यवधान**)...

**अध्यक्ष महोदय:** बैठ जाइये।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** बैठ जाइये। आप यहीं नहीं चलने देते तो बाहर की बात क्या करते हैं ? आप तो हाउस को ही नहीं चलने देते। कोई पार्टी आप की है कि नहीं ? कोई व्यवस्था ही नहीं चलने देते।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** बैठ जाइए।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** लोग क्या कहेंगे आप के लिए ? यह क्या कर रहे हैं आप ? अगर बाहर वालों को पता लग गया तो क्या गत बनाएंगे आप की ?

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** हो गया। बैठ जाइए। किसी बात की हद होती है।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** अब वहां बात करेंगे।

(**व्यवधान**)

12.32 hrs.

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE—*Contd.*

### GROWING INCIDENCE OF DACOITIES AND LAWLESSNESS ON RUNNING TRAINS—*Contd.*

SHRI HARISH CHANDRA SINGH RAWAT (Almora): Sir, I call the attention of the Minister of Railways to the following matter of urgent public impartance and request that the may make a statement thereon:

'The growing incidence of dacoities and lawlessness in running tains with particular reference to the looting of the Lucknow-New Delhi mail on 30 October 1981, and killing of an Air Force Officer in an armed dacoity in Lucknow-Jhansi passenger train on 21 November, 1981.'

(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय:** राजनाथ जी, डैमोक्रेसी की हत्या मत करिए। इस डैमोक्रेसी को बचे रहने दीजिए।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** क्या बताऊं ?

**श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** (सैदपुर): यह जो इतना शोर शराबा हुआ उस का क्या उत्तर आपने दिया ?

**अध्यक्ष महोदय:** कहते हैं सारी रात रोयी मरा वह भी पड़ौसियों का।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** आप तशरीफ रखिए। ब्लड प्रैशर हो जायगा आप को। बैठ जाइए।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** यह काल अटेंशन उसी पर हो रहा है।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय:** अब कुछ काम करने दीजिए। (**व्यवधान**)

MR. SPEAKER: Whatever the hon. Member is saying will not go on record without my premission, he is speaking.

(*Interruptions*)

*Not recorded.

THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI KEDAR PANDEY): Sir, there has been a progressive increase in the incidence of robberies/dacoities in running trains from year to year, 223 such cases occurred in 1978, 253 in 1979 and 351 in 1980. During the period January-October 1981, as many as 313 cases of robberies and dacoities in trains have so far been reported. Trains running within the jurisdiction of the States of Uttar Pradesh, Bihar, Maharashtra, West Bengal and Madhya Pradesh were mostly affected.

On 30-10-81, as 29 UP Lucknow-New Delhi Mail started from Lucknow, some culprits boarded the Second-class Air-conditioned Gorakhpur-New Delhi Sleeper Coach of the train and mingled themselves with the passengers who were getting into the coach or who were getting out of the coach or were still trying to settle in the compartment. The miscreants over-powered the coach attendant as well as the electrician on duty in the coach and started looting the passengers at the point of pistol and knives. 28 passengers, including 2 Members of Parliament, named Shri Mahabir Prasad of Gorakhpur, Shri Kalpnath Sonkar of Basti, and Shri Sukhdev Prasad, an ex-Minister, were looted and deprived of their valuables and belongings worth about Rs. 80,000/- When the train left Hardoi station and was near its west cabin, the miscreants stopped the train by pulling alarm-chain and escaped. The train was brought back to Hardoi railway station and a report was lodged with the Govt. Railway Police, Hardoi.

One of the passengers who had sustained knife injuries at the hands of criminals was rendered medical aid and, thereafter, the train started at 1.52 hours on 31-10-81. The train was escorted by an armed police escort consisting of 2 GSR constables and 20 recruit constables under the charge of a Sub-Inspector of Government Railway Police. They immediately got down, combed the adjoining area with a view to apprehending the culprits, but in vain. On receipt of information, Government Railway Police, Hardoi, flashed wireless messages to all police stations in the adjoining areas to block the escape routes and to be on the look out of the criminals. On receipt of the wireless message, Sub-Inspector of police Station, Bhagoli, district Hardoi, succeeded in intercepting truck No. PSE 5910 carrying some pipes near Bhagoli crossing situated on the Hardoi—Lucknow road. Some of the criminals connected with this dacoity were found trying to escape on this truck. On seeing the Police picket, the dacoits opened fire resulting in injuries to the Sub-Inspector of Police. The Polic party also opened fire in self-defence as a result of which one of the dacoits named Nav Rattan S/o Jagan Nath alias Bidia, r/o Samstipur (Bihar) died on the spot and two of his associates, namely, Rajendra Singh alias Raju and Devindra Singh alias Dear were injured and taken into Police custody. The fourth dacoit raported to be named Vijay Singh, however, managed to escape. A major portion of the looted property worth about Rs. 60,000/- could be recovered.

G. R. P./Lucknow has registered a case No. 807 dated 31-10-81 unde Section 395 IPC and investigations are in progress. Police parties have been despatched to Bihar as well as to other areas to verify the antecedents of criminals as well as to arrest the absconding criminals.

So far as the killing of Flt. Lt. Shanker Chander Shekhar Aiyar is concerned, according to information available, on the night of 21/22-11-81, when 106 UP Jhansi-Passenger left Bhimsen station, 4 youngmen entered the corridor of a First class coach. They started knocking at the cabins of the compartment but nobody opened them. The youngment then broke open the door of one 4-berthed cabin of the coach which was occupied by (1) Shri Santhanam, Deputy Director, RDSO/Lucknow, (2) Shri K. P. Garg, Draftsman, RDSO/Lucknow, (3) Shri Gupta, Chargeman, Central Railway/Jhansi, and (4) Shri Shankar Chander Shei-

[Shri Kedar Pandey]

khar Aiyar—a Flt. Lt. in the Air Force. After breaking open the door, the youngmen made themselves comfortable on the berths. This was objected to by the passengers. Shri Santhanam, who was on an upper berth, came down and slapped one the youngmen. The youngmen thereupon gave a knife blow to Shri Santhanam and one of his associates fired on Shri Santhanam, but he ducked. The bullet hit Flt. Lt. Aiyar, who was sitting on his berth, and he was killed on the sport. the youngmen then made good their escape by pulling the alarm-chain. No attempt was reportedly made by the youngmen to loot the property of the passengers. The train had an escort of 3 G. R. P. constables who were in a rear coach.

G.R.P./Kanpur has regstered a case No. 990 under Section 302, 307 IPC and have taken up investigations. The concerned coach was detached from the train at Kalpi station. The Inspector, Govt. Railway Police, Kanpur, has rushed to the spot and, in co-ordination with the local police in the area, is making efforts to trace the culprits.

The Govt. Railway Police, who are responsible for safety and security of passengers travelling in trains and their belongings, are making their best efforts to control crime on the Railways by providing escorts on trains, surveil lance over criminals, arresting and prosecuting them in specific cases. Railway Protection Force is assisting the Govt. Railway Police in this regard. Cheif Minister of the concerned States have also been approached by me to ensure that adequate preventive measures are taken in this regard.

**12.48 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

We try our level best that law and order is established.

**श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत :** उपाध्यक्ष जी, रेलवे हमारे देश की सबसे प्रतिष्ठित पब्लिक प्रतिष्ठान है। माननीय रेलवे मंत्री जी ने जो बयान दिया है, उस से ऐसा लगता है कि जैसे तल्ला लगाया गया हो। तल्ला लगाने से मेरा मतलब है, जसे कहीं पर कोई रेलवे की खामी है, उस को दबाने की कोशिश की गई है।

आप हमारी पार्टी के बहुत ही प्रतिष्ठित नेता हैं और आप एक अच्छे प्रशासक रहे हैं। आज जिस तरीके से रेलवे में अव्यवस्था है, जैसे जगह-जगह रेल पटरी से उतर जाती है; कहीं एक्सीडेंट हो जाते हैं, कहीं लूट डकैती और माल की चोरी हो जाती है—ये सारी चीजें बहुत बढ़ रही हैं, आज सारा राष्ट्र या सदन आपसे बावजूद इस बात के यह जानना चाहता है कि ट्रेनों में जो सफर करने वाले लोग हैं, जिस तरह से उनका जीवन असुरक्षित होता जा रहा है, उसको रोकने के लिए आप किस तरीके के कारगर कदम उठाना चाहते हैं ? इस घटना विशेष को उठाने से मेरी भी और मेरे साथियों की कोई गलत मंशा नहीं है, बल्कि हम यह जानना चाहते हैं कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनायें न हों, उनको रोकने के लिए आप और आप का मंत्रालय तथा आपका रेलवे बोर्ड किस तरीके से काम कर रहा है ?

आज हालत यह है कि रेलवे में जो सामानों की चोरी होती है, उस में रेलवे के कर्मचारी मिले हुए रहते हैं, बिना उन के मिले हुए कुछ काम नहीं हो सकता है। आपके जो छोटे छोटे स्टेशन्स हैं, वहां जिस तरीके से थानों की नीलामी होती है, जैसे यू० पी० में, उस तरह से इन की नीलामी होती है, कि कौन स्टेशन मास्टर आएगा, ताकि वहां पर जितनी चोरी होती है उसी के हिसाब से उनकी इनकम होती है। अब तो आदमी को यह भी भरोसा नहीं रह गया है कि जो सामान उस के द्वारा भेजा जाता है, वह भी सुरक्षित पहुंच पाएगा या नहीं पहुंच पाएगा। यह भी भरोसा नहीं रह गया है कि जो व्यक्ति उन ट्रेनों में सफर कर रहे हैं, वे भी सुरक्षित पहुंच पायेंगे या नहीं पहुंच पायेंगे।

कल हमारी अपनी संसद में एक बहुत ही वरिष्ठ सदस्य मुझ को बतला रहे थे–जब हम पैदा हुए होंगे वे तब से इस संसद के सदस्य हैं–आज असुरक्षा की भावना केवल आम आदमियों में ही नहीं है, बल्कि रेल मंत्री जी भी हवाई जहाज से जाते हैं, रेलवे बोर्ड के सदस्य ट्रेन से जाने की बजाय कार से जाना ज्यादा पसन्द करते हैं। यह इस बात का इण्डिकेशन है कि आज लोग रेलों के बारे में क्या सोचने लगे हैं। इस पर गम्भीरता से विचार करने की जरूरत है। आप और आप के सहयोगी दोनों बहुत काम्पिटेंट लोग हैं, यदि आप किसी काम के लिये तुल जायें तो वह काम निश्चित रूप से होकर रहेगा। जिस तरह से आप ने रेलवे की माल-वाहन क्षमता को बढ़ाया है, अन्य कई चीजों को कन्ट्रोल किया है, उसी तरह से इस को भी कामयाबी के साथ कन्ट्रोल किया जा सकता है।

आप ने विभिन्न केसेज के विवरण दिये हैं, जो काफी एलार्मिंग हैं। लेकिन बहुत से केसेज ऐसे हैं जो रिपोर्ट ही नहीं हो पाते हैं। लोग प्लेट-फार्मों पर जाते हैं, आप के वेन्डर्स उन को जो खिलाते हैं उस में पायजन होता है जिस से कई लोग मर जाते हैं, लोगों के सामानों की चोरी हो जाती है, जिन के लिये रिजर्वेशन होता है उन को वह रिजर्वेशन नहीं मिलता है, लोग यदि कम्पलेंट करते हैं तो उन की कम्पलेंट को सुना नहीं जाता; उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। ऐसे केसेज की संख्या बहुत लम्बी है। इस सम्बन्ध में मेरा आप से निवेदन है कि रेलवे के प्रोटेक्शन के लिये इस समय आप के पास दो फोर्सेज हैं–जी० आर० पी० और आर० पी० एफ०। जब पंडित जी रेल मंत्री थे उस समय कुछ सदस्यों ने यह सवाल उठाया था कि क्या ऐसा नहीं हो सकता कि इन दोनों फोर्सेज को एक फोर्स बना दिया जाय, इन दोनों को एक में इन्टीग्रेट कर दिया जाय तथा इन का स्वामित्व रेल मंत्रालय अपने पास रखे। पंडित जी ने शायद उस समय यह कहा था कि इस विषय पर हम सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे। उस बात को काफी लम्बा अर्सा बीत चुका है और ये घटनायें दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही हैं–इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निश्चय किया, अभी तक मालूम नहीं हो सका है। क्या इन दोनों फोर्सेज को एक्ट में संशोधन कर के एक फोर्स नहीं बनाया जा सकता? आज जी० आर० पी० का जूरिसडिक्शन ट्रेक की देखभाल करना है, जी० आर० पी० की स्ट्रेन्थ वैसे ही बहुत कम है, स्टेटस के पास पैसा नहीं है कि वे इन की संख्या को बढ़ा सकें, जिन लोगों को इस में भेजा गया है वे भी बहुत घटिया किस्म के लोग हैं। मैं आप को एक उदाहरण देता हूं–ट्रेन में जो बोगी इन के लिए रिजर्व की जाती है, आप देखेंगे कि उस में ज्यादातर ऐसे लोग सफर करते हैं जो बिना टिकट होते हैं? जो लोग स्वयं ऐसा गैर-कानूनी काम करवाते हैं, उन के प्रति कैसे विश्वास किया जा सकता है। इसलिये मेरा अनुरोध है कि जी० आर० पी० को स्ट्रेन्थन किया जाय, उस में अच्छे लोगों को भरती किया जाय और इन की संख्या भी उसी अनुपात में होनी चाहिये, जिस तरह से आज रेलवे का आर्गेनाइजेशन बढ़ रहा है। साथ साथ इन को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया जाय, आज जो राइफलें इन को दी जाती हैं वे पर्याप्त नहीं हैं। आज डकैतों के पास आधुनिक हथियार होते हैं, यही कारण है कि ये लोग उन की चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर पाते। आप उन्हें आधुनिक हथियार देने के बारे में तुरन्त विचार करें।

जहां तक ट्रेनों की आधुनिकीकरण की बात है–ट्रेनों में ऐसे डिवाइसेज लगाने चाहियें जिस से यदि कहीं पर ट्रेन में डकैती हो रही है तो उस की सूचना प्रोटैक्शन फोर्स के लोगों को मिल सके। आज क्या होता है कि डकैती करने के बाद जब डकैत स्वयं गाड़ी को रोकते हैं तब उन को पता चलता है कि कोई डकैती हुई है, उस के पहले उन को डकैती का कोई पता नहीं चल पाता है।

[श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत]

ट्रेनों में जो अटेण्डेण्ट्स चलते हैं, उन की संख्या भी बहुत कम है। इन को बढ़ाने के बारे में भी आप विचार करें। आज ट्रेनों की हालत इतनी खस्ता है कि यदि कोई दर्वाजा बन्द है तो साधारण धक्के से वह खुल जायगा। यदि कुण्डी लगी हुई है तो भी वह एक ही धक्के से खुल जायगा। . . . .

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : कुण्डी होती ही नहीं है। मैं सहरसा गया था, वहां थी ही नहीं।

श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत (गोरखपुर) : ट्रेनों की ऐसी हालत नहीं होनी चाहिए। लखनऊ-दिल्ली मेल जो आप की है, वह रेलवे की एक प्रेसटीजस ट्रेन है और उस ट्रेन में आप के संसद सदस्यों के साथ ऐसा हुआ है। संसद सदस्य आप के ट्रेन एक्सीडेंट्स में घायल भी हो चुके हैं। तो यह एक ऐसा प्वाइन्ट है, जिस पर तत्काल विचार करने की जरूरत है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या आप इन की संख्या बढ़ाने पर विचार करेंगे। उन को अच्छे हथियार दिए जाएं और जो एक्ट बना हुआ है, उस को संशोधित करने पर विचार करेंगे या नहीं? इस के अलावा स्टेट गवर्नमेंटस के साथ कोआर्डिनेशन कर के किस तरह से इस फोर्स को इफेक्टिव बनाया जाए, उस के बारे में आप क्या कार्यवाही करेंगे ?

इस के अलावा एक बात और यह कहना चाहता हूं कि आप की ट्रेनों में जो आप का सुपरवाइजरी स्टाफ है, वह क्या करता है इस का आप ने पता लगाया है। हम ने अपनी आंखों से देखा है कि मान लीजिए कि थ्री टायर में आप जा रहे हैं, आप ट्रन से दिल्ली से निकल जाइए लेकिन दिल्ली से अलीगढ़ पहुंच जायेंगे, तब तक आप का टिकट चैकर नहीं आता है और लोग बगैर टिकट सवार रहते हैं। जिन के पास रिजर्वेशन है, वे तो खड़े रहते हैं और जिन के पास रिजर्वेशन नहीं है, वे बैठे हुए हैं। आप का जो यह सुपरवाइजरी स्टाफ है, उस का कम से कम सुपरवीजन तो इफेक्टिव होना चाहिए और जो उस की जिम्मेवारी है, उस को ठीक तरीके से वह देखे। होता क्या है कि वह एक कोच में आराम कर रहा है और उस में रात को सोकर चला जाता है, सुबह जब स्टेशन आता है, तो वह उठ कर चला जाता है।

इस के अतिरिक्त मैं यह जानना चाह रहा था कि जो डकैती ट्रेन में हुई है और जिन लोगों की लूट हुई है, जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उन को आप ने कुछ कम्पेंसेशन दिया और नहीं दिया है, तो कब तक देंगे। इसके बारे में आप क्या कर रहे हैं, यह मैं जानना चाहता हूं। दूसरा यह है कि एक जानकारी अभी हमारे यादव जी ने दी है और इस विषय में मैं यह जानना चाह रहा था कि जो डकैत मारे गए क्या इन में से कोई व्यक्ति रेलवे वर्कस यूनियन के सेक्रेटरी का भतीजा भी है? इस से लिंक ऐसा बनता है और ऐसा लगता है कि जो ये डकैतियां इत्यादि होती हैं और यदि यह एक फैक्ट है कि इसमें रेलवे वर्कर्स का कोई आदमी भी है, तो उन्हीं लोगों के रिलेशन्स इत्यादि जो हैं, उनके कोलाबरेशन से यह सारा काम होता है। यदि यह एक फैक्ट है, तो इस पर कृपा कर के विचार करना चाहिए।

इस के साथ ही साथ रेलवे के अन्दर जो इनडिसिपलिन है, उस में यूनियन्स का क्या रोल है, इस पर विचार करने की जरूरत है। यूनियनों के अधिकार की बात का जहां तक सवाल है, हम उस के समर्थक हैं लेकिन उस अधिकार का दुरूपयोग होने लग जाए और उस अधिकार के कारण आम आदमी का जीवन असुरक्षित होने लग जाए, तो इस विषय पर विचार करने की जरूरत है और

मुझ को उम्मीद है कि माननीय मंत्री जी, इस विषय पर विचार करेंगे और इस चीज को देखेंगे कि भविष्य में यहां पर कम से कम हमें यह कहने की जरूरत न पड़े। आप एक क्षमतावान मंत्री हैं लेकिन आप के मंत्रालय में इस तरह की दुर्घटनाएं हों, तो इस से निश्चित रूप से हम को बड़ा दुःख होता है।

**श्री केदार पांडे** : मान्यवर, डकैती का जो अपराध है, यह होता है ला एण्ड आर्डर की गड़बड़ी से। इस लिए जिस क्षेत्र में रेलगाड़ी जाती है, यात्री गाड़ी जाती है, उस क्षेत्र का ला एण्ड आर्डर जैसा है और जैसी स्थिति वहां पर है, उस का प्रोजेक्शन ट्रेनों में होता है। **(व्यवधान)** आप जरा सुन लें। जो मैं कहता हूं वह फैक्ट है। डकैती, चोरी, मर्डर जितने होते हैं **(व्यवधान)** आप सुनिये, मैं तो आप के सामने सारी बातें रखता हूं। हमारे पास जो रिपोर्ट है, उसके अनुसार डकैती अगर हुई है, तो वहां पर ला एण्ड आर्डर उतना टाइट नहीं था और ट्रेनों की हालत यह है कि हम सारे देश के अन्दर रेलगाड़ी चलाते हैं और भिन्न भिन्न क्षेत्रों से हमारी ट्रेनों गुजरती हैं और लखनऊ से दिल्ली को जो ट्रेन आ रही थी, उसमें जो डकैती हुई, तो इस के माइने यह हैं कि उस एरिया की विधि व्यवस्था जरूर इफेक्टेड है।

**श्री राम विलास पासवान** : ठीक है। . . . **(व्यवधान)** . . .

**श्री केदार पांडे** : आप क्यों इतनी जल्द घबड़ा जाते हैं। उस में खास कर तीन-चार स्टेट्स हैं, बंगाल है, बिहार है, उत्तर प्रदेश है।

**श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत** : हमने तो आप के मंत्रालय की जिम्मेवारी की बात पूछी है।

**श्री केदार पांडे** : डकैती की बात आप ने कही, तो हम को यह बताना पड़ेगा ना। सुनिए, ला एण्ड आर्डर की कैसी हालत है, यह मैं आपको बतला रहा हूं। बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ये चार पांच स्टेट्स हैं जहां पर इस को ठीक करने की जरूरत है। **(व्यवधान)** आप की जी० आर० पी० और आर० पी० एफ० की बात कर रहे हैं। जी० आर० पी० गवर्नमेंट रेलवे पुलिस है और आर० पी० एफ० रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स है। ये दोनों इस पर लगे हुए हैं कि किस तरह से ऐसी घटनाओं को कम किया जाए। ये सभी एफर्टस कर रहे हैं। हम ने वहां के मुख्य मंत्रियों से भी बात की है कि किस तरह से आर० पी० एफ० और जी० आर० पी० का कम्पलीट कोआरडिनेशन हो।

**13 hrs.**

जब आप कहते हैं कि इनका इन्टेग्रेशन करो तो उसके लिए कांस्टीच्यूशनल अमेंडमेंट करना होगा क्योंकि एक स्टेट सबजेक्ट है और दूसरा सेन्ट्रल सबजेक्ट है। जब तक इस के लिए कांस्टीच्यूशनल प्रोविजन नहीं होता तब तक आर० पी० एफ० और जी० आर० पी० का इन्टेग्रेशन नहीं हो सकता। जैसा मैंने कल राज्य सभा में भी कहा था कि इन में कम्पलीट कोआरडिनेशन की जरूरत है। जब तक जी० आर० पी० स्टेट सबजेक्ट है और आर० पी० एफ० सेन्ट्रल सबजेक्ट है तब तक हमें इन में कोआरडिनेशन करना होगा और वह हम कर रहे हैं।

एक बात मैं यहां कहना चाहता हूं कि यू० पी० गवर्नमेंट ने इस बारे में

[श्री केदार पांडे]

अच्छा काम किया है। यू० पी० में दो-तीन कलप्रिट्स पकड़े गए हैं। एक आदमी गोली से मारा गया है। हमारा एक सब-इंस्पैक्टर आफ पुलिस भी घायल हुआ है। We try our level best that law and order is established.

इस तरह की चीजों में हमें अपने आज के समाज की स्थिति को भी ध्यान में रखना होगा और इन चीजों में वह भी प्रोजेक्ट होती है।

**श्री राम विलास पासवान :** आप अपनी सरकार की बदनामी कर रहे हैं।

**श्री केदार पांडे :** हमें ये सारी बातें दिमाग में रखनी चाहिए। जी० आर० पी० और आर० पी० एफ० के बारे में मेरा यही जवाब है कि जब तक कांस्टीच्यूशनल अमेंडमेंट नहीं होगा तब तक इनका इन्टेग्रेशन नहीं हो सकेगा।

एक बात यह कही गयी कि हम अपनी फोर्सिस का नम्बर बढ़ाएं। वह हमने बढ़ाया है। लास्ट ईयर हम लोगों ने इस बारे में बातें की थीं और हम ने तय किया था। हमारे पास जी० आर० पी० को एग्जिस्टिंग नम्बर बीस हजार है। उस में हम ने 6,018 नम्बर और बढ़ाया है। उत्तर बिहार में हमने 1,517, उत्तर प्रदेश में 2,303, महाराष्ट्र में 1,710, मध्य प्रदेश में 63, आंध्र प्रदेश में 20, उड़ीसा में 375 और तमिलनाडू में 30 नम्बर बढ़ाया है।

**श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत :** ये जो डकैती की इंसीडेंट्स बढ़े हैं क्या उनके अनुपात में यह संख्या ठीक है?

**श्री केदार पांडे :** अभी हमने जो 6,018 फोर्स बढ़ायी है यह पर्याप्त है हम आगे और भी बढ़ाते जायेंगे। अपनी फोर्स बढ़ाने के सम्बन्ध में हमें अपनी रिसोर्सिज को भी देखना पड़ेगा।

यह जो हमने 6,018 नम्बर बढ़ाया है उस में 50 परसेंट रेलवे मिनिस्ट्री का कांस्ट्रीब्यूशन है और 50 परसेंट स्टेट गवर्नमेंट का है। तीन करोड़ रुपया हमने कंट्रीब्यूट किया है और स्टेट गवर्नमेंटस को कहा है कि आप जी० आर० पी० को बढ़ाइये और मिल कर के इस प्रकार की इंसीडेंट्स को रोकिए।

इसके अलावा हम ने और भी कदम उठाये हैं। आइंदा इस तरह की बात न हो, इसकी पूरी कोशिश की जा रही है। इसके लिए कई कदम उठाए गए हैं।

जो इंपार्टेंट ट्रेन्स हैं, खासकर जो रात में चलती हैं, उन में सी० आर० पी० का गार्ड होना चाहिए। स्टेशन, प्लेटफार्म और वेटिंग हाल में पेट्रोलिंग हम कराते हैं। इसके अलावा जो क्रिमनल्स या बैड करेक्टर्स हैं, उन के बारे में भी हम काफी सतर्क हैं। नाइट-ट्रेन्स को सुपरवाइजरी आफिसर से चैक कराया जाता है, जैसा कि माननीय सदस्य ने भी सुझाव दिया है। जिन स्थानों पर ज्यादा घटनाएं होती हैं, वहां पर स्पेशल पुलिस फोर्स का इंतजाम किया गया है, और राज्य सरकारों की ओर से सी० आई० डी० का व्यवस्था भी की गई है। ऐसे आदेश दिए गए हैं कि रेलवे में जो क्राइम होता है, उस को प्रिआडिकली हाई लाइट किया जाए और जो कदम उठाए गए हैं, उन को भी हाई लाइट किया

जाए। रात को चलने वाली ट्रेन्स में जी० आर० पी० हाई लाइट करे और पेट्रोलिंग करे। इस तरह के कदम उठाए गए हैं। जो ड्राइवर्स हैं, इस तरह की घटना होने पर डिस्ट्रेस विसिल बजाएंगे। ये सब कदम उठाए गए हैं।

इस सारी व्यवस्था के बावजूद जो डकैती हुई है, उस के लिए शासन को काफी अफसोस है और सरकार की ओर से पूरी कार्यवाही की गई। तभी तो वह आदमी मारे गए, दो पकड़े गए और एक भाग गया। इस लिए सरकार इस में असफल नहीं हुई है। हमारी पूरी कोशिश है कि डकैती न हो और ट्रेनें ठीक तरह से चलें।

**श्री रामप्यारे पनिक** (रोबर्ट्सगंज) : जो डकैत भाग गए, उन के घर की कुड़की होगी?

**श्री केदार पाण्डे** : यू० पी० और बिहार में हमारी इन्वेस्टीगेशन फोर्सेज चली गई हैं और कांटेक्ट कर रहे हैं। जो लोग नहीं पकड़े गए हैं, अगर उनके घर का पता लग जाता है तो नियमानुसार कुड़की जरूर होगी।

एक बात मैं और बताना चाहता हूं। 1979 में 253 केसेस हुए, 1980 में में 351 केसेस हुए और 1981 अक्तूबर तक 313 केसेस हुए। इस के साथ-साथ 1979-80 में 31 केस में कलप्रिट एप्रीहेंड हुए, 1980 में 74 केस में एप्रीहेंड हुए और 1980-81 में अभी तक 81 केस में कलप्रिट एप्रीहेंड हुए। इसी तरह से 1979 में 115 लोगों को गिरफ्तार किया गया, 1980 में 278 को गिरफ्तार किया गया और इस वर्ष अभी तक 408 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस से जाहिर है कि इस पर कड़ाई की जा रही है। हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि इस तरह की घटनाएं न हों। कोई भी इनको पसन्द नहीं करेगा कि ट्रेन में डकैती हो और लोग मारे जाएं। इसलिए हम चाहते हैं कि परफैक्ट ला एण्ड आर्डर हो और इस के लिए स्टट गवर्नमेंट और रेलवे मिनिस्ट्री दोनों ने मिल कर काम करना है, इस तरह की कोशिश हम कर रहे हैं।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : बिहार गवर्नमेंट कोआपरेट नहीं कर रही है।

**श्री केदार पाण्डे** : बिहार, उत्तर प्रदेश और हिन्दुस्तान के सभी राज्यों की सरकारें कोआपरेट कर रही हैं, लेकिन समाज की जैसी स्थिति होती है, उसका असर हर जगह पड़ता है, इस में लाचारी है, लेकिन उसको रोकने की कोशिश में कोई कोताही नहीं है। हर जगह हम ने सारे स्टैप्स लिए हैं।

आप ने कोचेज की बात कही। हमारे पास 25,900 कोचेज हैं और हर साल 1200 नई कोचेज बनाते हैं।

**श्री डी० पी० यादव** (मुंगेर) : और बनाइये मंत्री जी।

**श्री केदार पाण्डे** : जो हमारे पास आज साधन उपलब्ध हैं उस में 1200 कोचेज ही बना सकते हैं। लेकिन इरादा है कि आगे कोच फैक्ट्री बैठायेंगे। जिस तरह की ट्रेन की आप कल्पना करते हैं थोड़े दिन आपको धैर्य रखना होगा। जो हमारे पास सीमित साधन हैं उन में आज हम गाड़ी चला रहे हैं। आप चाहते हैं 25,000 कोचेज चमकीले हो जायें, वह भी करेंगे साधनों के अनुसार। रोलिंग स्टाक का मेन्टेनेंस भी हम ने जोरों से शुरू किया है। इसके अलावा

[श्री केदार पाण्डे]

कोच अटेंडेंट्स का नम्बर हम बढ़ाना चाहते हैं, साथ ही फोर्स की भी संख्या बढ़ा रहे हैं। या जहां जरूरत हो वहां बढ़ाएंगे। इसके साथ साथ यह भी सोचते हैं कि इंडियन रेलवेज को मोडर्नाइज किया जाए। बिना इसके किए हुए काम नहीं चलेगा। मैंने यहीं पर कहा था कि कम्प्यूटराइजेशन करना चाहते हैं, लेकिन समय लगेगा। थोड़ा आपको धैर्य रखना चाहिए। इंटेशन तो हमारी बहुत बड़ी है, मैं चाहता हूं कि इंडियन रेलवेज को दुनिया की और रेलवेज से कम्पेयर करूं और कम्पटीशन में जाऊं। लेकिन साधन हमारे सीमित हैं।

ट्रेड युनियन की बात आप कहते हैं। मैं किसी के बारे में नहीं कह सकता। जो हमारे 17,18 लाख वर्कर्स हैं उन में मेरा पक्का विश्वास है और उनके सहयोग से ही यह सब काम हो रहा है। लेकिन एक बात जरूर कहूंगा और वर्कर्स इन जनरल की बात कहता हूं उनका सहयोग हम को प्राप्त है। कुछ ब्लैक लैम्स हैं उनका इलाज कर रहे हैं। वर्कर्स के प्रति मेरे मन में आदर है क्योंकि वह श्रमिक वर्ग है और उनकी कमाई ही हम सब खाते हैं। उनके लिए मैंने बिना किसी के कहे स्वयं 23 दिन के बजाय 24 दिन का बोनस दे दिया बिना उनके मांगे हुए।

श्री रामावतार शास्त्री : बिना मांगे नहीं।

श्री केदार पांडे : हमने 24 दिन का बोनस दिया। आर० पी० एफ० के लोगों को कानूनन बोनस नहीं मिलता था। लेकिन हम ने उनको भी राशन मनी के नाम पर 50 रु० मासिक हर आर० पी० एफ० जवान का बढ़ा दिया है और इस प्रकार 600 रु० हर आदमी के परमानेंटली बढ़ा दिए हैं। जो कमियां हैं उन्हीं को आप कहते हो, लेकिन जो मैंने स्टाफ की भलाई के लिए अच्छे काम किए हैं उनको नहीं कहते। अच्छे काम भी कहिए और जहां ब्लैक स्पाट है उसको भी कहिए। लेकिन इतने उदार आप नहीं हैं।

फ्रेट ट्रैफिक के बारे में आप जो कहते हैं मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो हमारा टारगेट है 214 मिलियन टन उसको पूरा कर के हम आगे बढ़ गए हैं।

इसलिए भिन्न भिन्न पहलू हैं। पहला अनुशासन, दूसरा फ्रेट ट्रैफिक तीसरा ऐक्सीडेंट्स, चौथा थैफ्ट, पांचवा डकैती और छठा डिसिप्लिन। इन सारे आसपेक्ट्स को एकदम हम ने पूरा नहीं किया है और पूरी सफलता उस माने में नहीं है। लेकिन किसी किसी आसपेक्ट में पूरी सफलता मिली है, जैसे फ्रेट ट्रैफिक और दूसरा डिसिप्लिन।

---

MR. DEPUTY-SPEAKER: If hon. Members, including the Minister, stick to the rules about Calling Attention, there would not be this difficulty. The Minister also should not give a very detailed reply. He must reply only to the points raised by the Member who put the question.

The House stands adjourned to meet again at 2.15 p.m.

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till fifteen minutes past Fourteen of the Clock*

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at twenty-two minutes past Fourteen of the Clock*

---

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE
*Contd.*

GROWING INCIDENCE OF DACOITIES AND LAWLESSNESS ON RUNNING TRAINS —*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: You and the Minister should be as short as possible.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): But I shall have to follow one standard.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Both.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Equally I have to do justice to the subject which is very important.

The Minister in his statement has stated that:

"there has been a progressive increase in the incidence of robberies/dacoities in running trains from year to year."

This is what is happening. In the end the Minister says:

"The Government Railway Police, who are responsible for safety and security of passengers travelling in trains and their belongings, are making their best efforts to control crime on the Railways by providing escorts on trains, surveillance over criminals,...."

I would like to draw your pointed attention to the fact, that crimes are increasing. They are also tightening their measures. They are making their best efforts and inspite of that the crimes are increasing in the Railways. How does the hon. Minister explain this? Either they are not tightening or their best should be bettered for all their efforts have failed, otherwise such incidents could not have happened.

Mr. Deputy Speaker, I do not know whether you travel in a passenger train or not. I would request our hon. Minister to travel in a passenger train preferably in Bihar or if he so chooses in U.P. In the passenger train the lights are not there. I do not know why? The compartments are dark. It is pitch dark everywhere in the train. You would not be able to look at anyone. Look at the condition of these passenger trains. Do you know what is happening? Recently a south Indian was murdered in a train. His father wrote to all the persons coming from the South to Varanasi not to travel in the train after dusk because there is no security. Previously also, dacoity took place. I do not deny it. But generally, the criminals used to select lonely places or isolated places and also the ordinary passenger trains where the security arrangements were not there. But what is happening today? It is not only that dacoities are increasing but even the most prestigeous trains, and the mail trains are being looted. It is happening precisely where there is Railway Protection Force or G.R.P. on which the Railway Minister is depending and also happening near the railway stations. So the criminals have become bold. They know that there is no low and order. They know that they can laugh at the measures you have taken.

Since we came to this Parliament, we were new and this Government has been telling us time and again that during the Janata Raj there was no law and order and precisely because of that, the people voted Mrs. Gandhi to power so that she could restore law and order. According to the statement of our hon. Minister, the crimes are increasing year by year. Well, 223 such cases occurred in 1978, that is, during Janata Raj; 253 cases in 1979 not in Congress(I) Raj. In 1980, it was 351. During the period from January to October, 1981, as many as 340 cases of robbery and dacoity of trains have so far been reported.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): This is because of the previous Janata Regime.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Here is a poster. The hon. Minister should look at it. Here, it is your election promise; here is the photograph of Mrs. Gandhi. She says, "You elect a Government that works". She gives a call to the Indian

[Shri Satyasadhan Chakraborty]

people "there is no law and order, no security and you reject it and you accept me." She promises, "I will give you security". What type of security are you giving? Previously, there was no security of luggage and belongings of the passengers. Now there is no security of the passengers themselves. That is the improvement you have made. Previously, they used to loot *the belongings. Now they kill the* passengers, not only ordinary passengers but even the defence man. The life of a man who is engaged in the defence of the country is not safe in the trains. That is the situation now prevailing in the railways.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Therefore, it is time you now put the question. You have prepared a very good background.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: This is the appropriate time Sir. In his answer to the question put by my friend Mr. Rao, the hon. Minister has said that they are increasing the number of policemen and that would put an end or minimise the recurrence of such cases. What precisely happend according to your statement? 28 passengers including 2 Members of Parliament were looted and 1 ex-Minister was also in the Lucknow-Delhi Mail. What was the protection provided? There were 28 constables and 1 inspector. I think it is not very much insufficient. Even their presence could not prevent it. According to your own statement, the miscreants overpowered the coach attendent as well as the electrician on duty in the coach and started looting the passengers at the point of pistol and knives.

So, the question is: By increasing the *number of security men, can you ensure* safety of passengers? It is necessary that there should be security men. But something has gone wrong I agree with the hon. Minister that law and order situation has deteriorted. The regions particularly selected by the criminals are regions where there is no law and order. How is it that they have become so bold? What has emboldened them? That has to be considered.

Is it a fact—my hon. friend Mr. Rawat has also mentioned it—that there is a collusion between criminals and railway police? Is it a fact that they share the booty? It is very difficult to determine where the administration fails and criminals take over. You think about the conditions obtaining in the country. Even some people who are supposed to protect you don't travel by a night train, particularly, a passenger train: there is no security.

Everytime this occurs, we discuss it in Parliament and our Railway Minister says. "Adequate measures are being taken by me." But the number of crimes increese Don tyou think that the time has come when you should think seriously about it? Without making tall promises, do something. After all, promises produce nothing. You will have to take strong action.

My pointed question is: What particular measures the Railway Minister proposes to adopt to stop this. It was really very funny. Most probably, he has earned the fame by saying, "Until and unless the Constitution is amended, I cannot guarantee any security to passengers." So, let us all wait for the Constitution to be amended. I do not know how you have arrived at this conclusion. It is almost a discovery for which he should be rewarded.

Don't try to sidetrack the issue. After all, it is the responsibility of the Railway Minister. Unfortunately. we have to tolerate inefficient people like him. Not only he; there are many others. Since we have got to tolerate all this until and unless we oust him, he should have seen the massive demonstration out side and the shape of things to come.

Anyway, why are you trying to evade this responsibility? You are trying to mislead the House by saying that the law and order is the responsibillty of the State Government. But the protection of passengers is the res-

ponsibility of yours because passengers are paying money not to the State Governments but to you. And you owe the responsibility to passengers. By no argument, you can evade the responsibility. If you want to evade it, I would say, better quit your chair.

You are very prompt in punishing the railwaymen who fight for their working hours, and for their legitimate rights. You have summerily dismissed them. You have pushed them to the starvation point and you declared in this House. "I shall be very firm." Where is your firmness in dealing with these things? So many cases have occurred. How many people who are responsible either of the GRP or of the RPF have you dismissed?. What action have you taken against your own men for dereliction of their duty? What have you done about it?

When the railwayment fight for their livelihood and for their security you are firm, firm in taking from them their bread. But which the culprits reign supreme, you show your unwillingness. Except making long speeches, what action, precisely what action, have you taken?

I would like to emphasise that some people in the Railways, including some Officers, are involved. They share what is looted. What have you done about it?

You say "I have done this. I have got these men dismissed. I have taken action".

I know that you yourself alone cannot do anything because, led by your leader Mrs. Gandhi, you are leading the whole country to chaos.

You cannot control the administration. You cannot control the criminals. Only yesterday we discussed about the massacre of Harijans.

But even then do something because this is given in your Election manifesto and do not try to hoodwink the people, mislead the people, trying entirely to put the blame on Janata or Constitution Amendment. You do something and kindly say what effective measures you have taken to bring these people to book. What have you done?

श्री केदार पाण्डे : मान्यवर, श्री चक्रवर्ती जी ने बहुत फार्सफुल लैंग्वेज में अपनी बातें कहीं और काफ़ी प्रभाव डालने की कोशिश की । हम पर भी उन का कुछ प्रभाव पड़ा है, लेकिन अब इस के बारे में आप हमारी बातें भी सुनें ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: If it is an election meeting, you would have voted for him, unwillingly.

श्री केदार पाण्डे : एक बात उन्होंने यह कही कि लखनऊ-दिल्ली मेल में हाल में जो डकैती हुई उस में पुलिस और डकैतों का कोल्यूज़न था । यह बिल्कुल झूठ बात है, एकदम असत्य है, इस का सुबूत क्या है ? कोई लाजिकल बात कहिए, इमोशनल हो कर बात कहने से कोई फायदा नहीं है । इस में एक क्रिमिनल पुलिस ने शूट किया । पुलिस ने उन क्रिमनल्ज़ को चेज़ किया, एक को गोली से मारा, हमारे एक सब-इंस्पैक्टर ने गोली खाई और बाकी लोग भी पकड़े गये, इस से क्या साबित होता है ? इसलिए इन्होंने जो कहा है कि वहां की पुलिस और डकैतों में कोलूज़न था बिलकुल निराधार, बेसलेस बात है, आप कोई लाजिकल बात कहते तो मैं समझ सकता था । तर्कयुक्त बात आप को कहनी चाहिए थी । as if you are addressing an election meeting. मालूम होता था कि इलैक्शन मीटिंग हो रही है . . . .

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Mr. Deputy Speaker, I expect. . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him complete, please. You can ask for clarification afterwards. All right The Minister is yielding.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: What I have said is not anything out of emotion, nothing of that sort. If the Minister gives a clean certificate to the police, then he will be doing not anything positive to the issues that we are discussing. If you want, there are many in this House who will corroborate that, even when the police protection force is on the railway line, there is pilferage. I have seen in my own Railway Station...

SHRI KEDAR PANDAY: That is a different issue.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: You are actually encouraging them by saying all this. Don't do it. You say, not all policemen; you say, some are good; you say, there may be some. Otherwise, if you defend them and give them a clean chit, there is no use discussing it here. You should not do it.

SHRI KEDAR PANDAY: I am not defending the police. But with respect to this particular incident, I am saying this. I am not referring to the police as a whole. I am saying so far as this incident is concerned; I have referred to that particular issue. The evidence is that the police chased the criminals, they shot at them, one of them was killed and a Sub-Inspector was shot at by those criminals. This is the position.

दूसरी बात मैं यह कहूंगा कि मैं खुद इस बात को कबूल करता हूं कि ला एण्ड आर्डर कुछ एरियाज में ठीक नहीं है। मैं इस को डिफन्ड नहीं करता, यह फैक्ट है और इस फैक्ट को मान कर हम आगे क्या करना चाहते हैं, क्या स्टेप्स हम ले रहे हैं, उन को मैं ने अपने स्टेटमेंट में दिया है। मैंने कहा है कि जो हमारी फोर्स है, उस पर 6 हजार फोर्स और बढ़ाई गई है आर० पी० एफ० की नहीं, जी० आर० पी० की। उस के लिए 50 परसेण्ट कण्ट्रीब्यूट किया है सम्बन्धित स्टेट गवर्नमेंट को और 3 करोड़ रुपये दिये हैं। जी० आर० पी० की स्ट्रेंग्थ बढ़नी चाहिए। पुलिस के रहते गड़बड़ी हो सकती है लेकिन इस का मतलब यह नहीं है कि पुलिस को रखने की जरूरत नहीं है। पुलिस की स्ट्रेंग्थ बढ़नी चाहिए और एडमिनिस्ट्रेशन में यह एक फण्डामेण्टल चीज है कि उस पर विश्वास कर के चलना होता है। हम एडमिनिस्ट्रेशन में रहे हैं और हम ने इस चीज को देखा है और मैं समझता हूं कि बिना पुलिस फोर्स के ये डकैती, चोरी, ला एण्ड आर्डर ठीक नहीं हो सकते। इसलिए पुलिस की जरूरत है और बिना पुलिस के हम समाज को नहीं चला सकते हैं और आज जैसा समाज है, उस में पुलिस की आवश्यकता है। इसलिए जी० आर० पी० की स्ट्रेंग्थ को हम ने और बढ़ाया है और 3 करोड़ रुपया हम ने एनुअली कण्ट्रीब्यूट किया है, रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन ने स्टेट्स एडमिनिस्ट्रेशन को कण्ट्रीब्यूट किया है। मैं यह भी मानता हूं कि जहां ला एण्ड आर्डर ऐसा है, उस में सुधार की जरूरत है। पुलिस सतर्क जरूर है लेकिन पुलिस के रहते रहते भी कहीं कहीं ऐसा हुआ है। इस पर्टीकुलर ट्रेन में 20 जी० आर० पी० के और 3 आर० पी० एफ० के आदमी थे। आर० पी० एफ० के बारे में आप जानते हैं कि यह तो वाच एण्ड वार्ड की तरह है अभी जो आर० पी० एफ० एक्ट है, उस के मुताबिक ला एण्ड आर्डर लाने के लिए आर० पी० एफ०, जी० आर० पी० को एसिस्ट करता है। तो यह पोजीशन है। एक बात यह हुई। दूसरी बात यह है कि ये प्रधान मंत्री जी की अभी तस्वीर दिखा रहे थे .. (व्यवधान) .., उस के बारे में आप से यह कहना है कि हम लोग पावर में आए हैं और श्रीमती इन्दिरा गांधी प्रधान मंत्री हैं। हम ने लोगों से वायदा किया है कि हम समाज में शान्ति लाएंगे, समाज को अच्छा बनाएंगे। आप कहते हैं कि ला एण्ड आर्डर ऐसा हो गया है।

मैं मानता हूं कि कुछ हुआ है लेकिन यह एक टेम्पोरेरी पीरियड है। हम इस को ठीक करेंगे। ला एण्ड आर्डर की कुछ बात ऐसी है कि समाज में जिस तरह की विषमता है जिस तरह का ढंग है वह एक दिन में तो ठीक नहीं होगा और इस को ठीक करने के लिए समय लगेगा। हम खुद मानते हैं कि इस को सुधारा जाए और किस तरह से इस को किया जाए यह देखने की बात है। आप देखिए, रेलवे वर्कर्स का पार्टीसिपेशन बहुत कुछ हो रहा है लेकिन रेलवे वर्कर्स का चोरों के साथ कूलीजन है, मैं ऐसा नहीं मानता। दो-चार एक्सेप्शनल केसेज हो हो सकते हैं, यह दूसरी बात है।

जितनी बातें थीं, वे मैंने अपने स्टेटमेंट में कह दी हैं और उसके बाद रावत जी ने जो बातें रखी थीं, उन के बारे में विधिवत् बताया है और उन बातों को दोहराने की जरूरत नहीं है लेकिन मैं इतना जरूर महसूस करता हूं कि ला एण्ड आर्डर को हमें ठीक करना है और उस के लिए हम ने स्टेप्स लिये हैं।

दूसरी बात हम ने यह सोची है कि इन चीजों के लिए हम कैसे सुरक्षा प्रदान करें। इस के लिए हम ने एक नया स्टेप लिया है। जितनी भी इम्पार्टेंट ट्रेंस हैं जो कि रात में चलती हैं, उनको आर्म्ड गार्ड्स दिये जाएंगे। उनके साथ आर्म्स गार्ड्स जाएंगे। यह पहले नहीं था। हमने यह नया स्टेप लिया है। जो पेसेंजर ट्रेंस हैं उनमें भी हमारे सुपरवाइजर चेक करेंगे। जो भी पासिबल है वह हम कर रहे हैं। लेकिन इन मामलों में जो समाज में स्थिति है वह तो प्रोजेक्ट हो ही जाती है।

हम अपनी तरफ से सारा प्रयास कर रहे हैं कि आर० पी० एफ० और जी० आर० पी० में कम्प्लीट कोआरडिनेशन हो, पुलिस में मजबूती आये। लेकिन समाज की स्थिति का प्रोजेक्शन तो होता ही है। यहां पर ला एण्ड आर्डर के बारे में जो उपाय हैं उनको इम्प्लीमेंट करना होता है। बेकारी की बात है और दूसरी बातें हैं वे भी इनमें शामिल होती हैं। हम रेल चलाते हैं, हम उस से भागते नहीं हैं। इसीलिए हम आर० पी० एफ० और जी० आर० पी० में कोआरडिनेशन की बात करने का प्रयास कर रहे हैं। ये प्रयास जारी हैं यह हालत बराबर नहीं रहेगी, इस में जरूर सुधार होगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Saradish Roy—he is not here. Shri Narayan Choubey.

SHRI NARAYAN CHOUBEY (Midnapore): Our Railway Minister has very much prolonged the canvas of this discussion and I will be very happy to take advantage of this thing. ...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Don't take too much advantage.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: Firstly you know very will as sometimes you travel by railway also. Of course, many of the General Managers of the Railways, the Members of the Railway Board and our ministers never travel by trains. They always go by planes because they know very well that safety on the railways is a constant casualty. Safety is a Casualty. So long we are discussing casualty in the nature of derailments, in the nature of accidents, etc. They have not halted. There also people are getting killed. Now we are discussing the casualty arising out of dacoities and other things.

I am very glad he has referred to a point in his own statement but he has not given the answer....

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER ((Durgapur): Because he has no answer.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: On page 4 he says:

> "No attempt was reportedly made by the youngmen to loot the property of the passengers."

Then he say:

> "The train had an escort of 3 G.R.P. constables who were in a rear coach."

Here he has not mentioned what attempts the GRPF constables made to apprehend the culprits. This he has not mentioned. I want to know this thing from him.

Then he goes on to say:

> "The Govt. Railway Police, who are responsible for safety and security of passengers travelling in trains and their belongings, are making their best afforts to control crime on the railways..."

Sir, I fully disagree with this statement. This is not a fact. Here is a letter which appeared in the Press on 3rd November which mentions a theft in the running train. It is a letter from one Mr. S. N. Datta. He has stated that in the special train—not an ordinary train—the Kalka Mail in the First class, from Delhi to Hawrah on 4th October, 1981, at about 2.30 to 3.30 a.m., the whole compartment was looted. 'The wholesale theft of passengers' luggage could be attributed to the negligence of the Railway authorities." ....

AN HON. MEMBER: Were you there?

SHRI NARAYAN CHOUBEY: I was not there. He further says:

> "Even more tragic then the loss of personal belongings of so many passengers was the utter indifference and negligence of the railway authorities."

Kindly, hear, Sir.

> 'When Contacted, the guard of the train refused to report the matter to police. When the F.I.R. was lodged by us, the railway Police officials did not even inspect the bogies where the loot took place.'

This is the answer given by you namely that efforts are made to control the crimes. Actually nothing happens. I have got a number of instances to cite. In last week of October, one ticket examiner was shot dead in the Jodhpur Mail while he was challenging the robber. In that process one passenger got killed.

Between Allahabad and Varanasi, one engineer was shot dead while he was trying to stops the robber. Lucknow Mail incident has already been statetd. On 4-10-81 the special Kalka Mail was looted while it was going from Delhi to Howrah. Though the police was contacted, they did not take any action.

Now, Sir, in the South-Eastern Railway, on 4-10-81 a big loot took place in the Down Chakradarpur—Howrah Passenger train. You know that Adra is the headquarters for the Territorial Army and Railway Protection Force. In between Adra and Indervil, one train was halted for more then three hours and the entire train was looted. In this situation, the ASM, Indravil, although sent the massage to the Railway Control, they did not take any action and the loot went on. Only a few persons had been apprehended. The peculiarity of this loot was this. In this down train police escort always goes. But, on this particular day, it was absent. I do not know whether there was any collusion between the burglars and the police officers. The important culprit's names are given in the F.I.R. I can name them also. They are:

1. Shri Prabhakar Mondar;

2. Shri Ram Kanali and

3. Shri Mokbul of Raida.

They are not being apprehended; they are not being arrested. I do not know why. Is it because they have a link with the big political party which is ruling this country?

Again, in the South Bihar Express train, there was a loot in the month of September between Adra and Jaichandi Pahar. Many things are not appearing in the papers or are absent. I do not know how the entire Parliament can digest your description that so long as you do not amend the Constitution, so long as there is no amalgamation between the G.R.P. and R.P.F., so long as the society does not change or so long as unemployment problem is not solved, the dacoities on the railways will continue.

This is what you are saying namely the society has to be changed. No doubt the society is ruled by Bourgeois. This has to be changed—there I agree. The people will change it. You would have seen yesterday a manmoth demonstration which came with their redbanners in their hands. I do agree that this society has to be changed. My pointed question is this.

1. What action are you taking? There is a proverb in Bengali the English translation of which is:

> 'Those who are intelligent commit the thefts and those who are not intelligent are caught hold of by the police.'

There is also another proverb in Bangali the English translation of which is:

> 'You spare everybody but you catch hold of the men at the lower bottom.'

Do you catch hold of the D.M.E.?, No. You catch hold of the proor Khalasi or the mistry or the locoman. That is the thing. You are doing. I beg to submit that your rule has been sufficiently famous or notorious for removing large number of railwaymen from service. You have been successful in removing more than 1200 railwaymen from service. You have also claimed—and to some extent your claim is correct also—that actually in this regime you are carrying more traffic and you are earning more money from traffic but I again say 'safety' is your casualty. You are not adhering to sefety rules. Some gentleman in the Railway Board has accepted that you are running trains without proper vacuum power; you are running trains without guards and you are running trains at night without lights and water. So why don't people take advantage of this. May I ask you in connection with these dacoities, robberies and killings in the trains how many big officials have been dealt with so long? Secondly, I want to know whether our-passenger, express and mail trains will be having both light and drinking water at night. Thirdly, I want to know whether you still believe that if society does not change or if there is no integration between GRP and RPF the dacoities will continue. My point is please tell us what are you going to do to bring down these incidents. I hope you will give a reply to my pointed question about the railway officers having been dealt with so long in connection with these incidents.

श्री केदार पांडे : सब से पहली बात यह है कि एक ट्रेन में डकैती हुई, और कुछ डकैतियां और भी पहले हुई हैं। माननीय चौबे जी ने बहुत से इंस्टांसेज बताये डिफरेंट जोन्स के, तो उनके बारे में अगर आप मुझे डिटेल दे दें तो मैं जांच करके जवाब दे सकता हूं। क्योंकि जिस पर्टिकुलर ट्रेन के बारे में यह बात है उसके अलावा इधर-उधर की बात का आफ़ हैंड जवाब देना मुमकिन नहीं है। इसके बारे में मुझे यही कहना है कि जहां तक आफ़िसर्स की बात है लिस्ट मेरे पास है, और कुछ ऐक्शन हुआ है। लेकिन जहां तक डकैती की बात है, कोई नई बात तो कही नहीं आपने जिसका नया जवाब कोई दिया

[श्री केदार पांडे]

जाय। डकैती के मुताल्लिक, ला एण्ड आर्डर के मुताल्लिक आपने जो विचार व्यक्त किये हैं...उसके पहले जो दो माननीय सदस्य ने कहा है, मने उनको पूरा जवाब दिया है। डकैती और क्राइम रुके, इसका प्रयास मने किया है और कर रहा हूं।

**15.00 hrs.**

**एक माननीय सदस्य :** यह तो पुरानी बात कह रहे हैं।

**श्री केदार पांडे :** नई बात क्या कहूं ? जो आपने कहा है, वही सवाल तो सब पूछते हैं और उसका जवाब भी वही है। सवाल कोई और हो तो उसका जवाब दे सकता हूं।

एक बात यह कह सकता हूं कि कितने अफसर सजा पाये हैं, उनकी लिस्ट दे सकता हूं, लेकिन आज ऐसी पोजीशन नहीं है कि उनकी लिस्ट मेरे पास हो।

आपने दूसरे इंसीडेंट्स और ला एण्ड आर्डर की बात कही है, उनके बारे में डिटेल मुझे दें तो जरूर उनका जवाब दूंगा। मैं सिर्फ यही बात कहूंगा कि आपकी भी फुल को-आपरेशन मिलनी चाहिए। आपका सहयोग अगर होगा, सब मिल कर सहयोग देंगे, यह समाज का सवाल है, एक पार्टी का सवाल नहीं है, समाज एज ए होल का सवाल है, उसमें आप की और हमारी सब की जिम्मेदारी है कि क्राइम रुके, एफर्टफुल करें। हम जो एफर्टफुल कर रहे हैं, उसमें आप हमारी मदद करें। जैसी समाज की तस्वीर है ला एण्ड आर्डर की स्थिति है; पर्टिकुलर एरिया इफैक्टेड है, ला एण्ड आर्डर वहां खराब है, मैं क्या कहूं कि खराब नहीं है ?

**प्रो० अजित कुमार मेहता** (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, साल भर पहले जब वर्तमान रेल मंत्री ने कार्य-भार संभाला था, तो कहा था कि 6 महीने में रेल की सारी दुर्व्यवस्था को दूर कर देंगे और सुव्यवस्था कर देंगे। मुझे बड़ी उमीद थी पिछले 12 नवम्बर, को, जबकि उनका कार्यकाल का एक साल पूरा होता था साल-गिरह होनी थी, उस दिन कम-से-कम ऐसा कुछ नहीं होगा जो कि अखबारों में आ गया है। हम समझते थे कि न उस दिन कोई रेल दुर्घटना होगी और न लूटपाट और डकैती की कोई घटना होगी, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमारे ही अपने क्षेत्र समस्तीपुर में उस दिन 12 नवम्बर, को रेल दुर्घटना हुई, जैसे कि सालगिरह मनाई गई हो।

स्थिति ऐसी हो गई है कि चारों तरफ विधि-व्यवस्था खराब है और ऐसा रेल मंत्री ने भी परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा कि जब राज्य की विधि-व्यवस्था खराब है तो वैसी स्थिति में रेल में भी उसका प्रभाव पड़ता है। यह ठीक है, लेकिन विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखना यह आपकी जिम्मेदारी है आप जब यह कहते हैं कि आपकी रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स रेलवे की सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए है और फिर विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी आप राज्य के ऊपर डालते हैं तो हम समझते हैं कि आप समस्या को केवल टालते हैं। क्योंकि जब रेल यात्री आपकी रेल में यात्रा करते हैं तो विधि-व्यवस्था और उनको सुरक्षा की जिम्मेदारी कम-से-कम रेल के भीतर तो आपकी है, आप इस समस्या को इस दृष्टिकोण से देखें।

जहां तक आर० पी० एफ० और जी० आर० पी० के समन्वय की बात है, आप उसका उचित रास्ता खोजें, निकालें ताकि जो यात्री यात्रा करते हैं, उनकी सुरक्षा हो सके। जब आप भी सारी समस्या को विधि-व्यवस्था पर टालते हैं तो बिहार और उत्तर प्रदेश में जहां विधि-व्यवस्था

खराब है, ऐसा सब मानते हैं, वस्तुस्थिति यह है कि जब यात्री गाड़ी में बैठते हैं तो शायद पुकारने लगते हैं कि "जय जगन्नाथ जी की और जय विश्वनाथ जी की" रक्षा करो ।

मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय निश्चय ही इस स्थिति से निबटना चाहते हैं और यात्रियों को सुरक्षा देना चाहते हैं ।

मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय इस समस्या का समाधान कहीं और ढूंढ रहे हैं । समस्या है मुख्यत: बेरोजगारी की । जिस क्षेत्र में विधि-व्यवस्था खराब है, निश्चित रूप से उस क्षेत्र में बेरोजगारी है । जिन नौजवानों के सामने रोजगार के अभाव में भूखों मरने की स्थिति आ जाती है, वे और क्या करें ? उन्हें सबसे आसान रास्ता यही नजर आता है और वे लूट-पाट करते हैं । इसीलिए आपने देखा होगा कि ट्रेन में लूट-पाट की घटनाओं में अधिकतर नये नौजवान ही मिलेंगे । समस्या की जड़ यहां है ।

बिहार और उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्रों में रेलगाड़ियों की संख्या कम है । नतीजा यह है कि रेलगाड़ियों में अत्यधिक भीड़ होती है । रेलगाड़ी के भीतर ही नहीं, रेलगाड़ियों की छत पर और दो डिब्बों के बीच में भी यात्री भरे रहते हैं । जब रेलगाड़ियों में इतनी भीड़ रहती है, तो सारी व्यवस्था बिगड़ जाती है । विधि-व्यवस्था की बात क्या करते हैं, कोई भी व्यवस्था वहां नहीं चल सकती । इसके अतिरिक्त कभी कभी कुछ गाड़ियों को केन्सल भी कर दिया जाता है । इसका परिणाम क्या होता है, मंत्री महोदय स्वयं समझ सकते हैं ।

रख-रखाव के अभाव में गाड़ी के डिब्बों में रात को बिजली नहीं रहती है, पंखा नहीं रहता है । जैसाकि अभी वर्णन किया गया है, दो तीन दिन पहले हम मधेपुरा जा रहे थे । जानकी एक्सप्रेस नार्थ-ईस्टर्न रेलवे की एक महत्वपूर्ण गाड़ी है । उस लाइन पर केवल वही गाड़ी एक्सप्रेस ट्रेन है । उसकी स्थिति यह थी कि जब हम लोग फर्स्ट क्लास के कम्पार्टमेंट में चढ़े, तो भीतर से सिटकिनी लगाने की कोई व्यवस्था नहीं थी, सब कुछ उखड़ा हुआ था । कंडक्टर ने मुझसे आग्रह किया कि कम्पार्टमेंट बदल लूं । नतीजा यह हुआ कि मैं पिछले कम्पार्टमेंट में आया । क्या ऐसी स्थिति में चोरी-डकैती नहीं होगी ?

फर्स्ट क्लास में एटेंडेंट और कंडक्टर की व्यवस्था है । फर्स्ट क्लास के डिब्बों का अरेंजमेंट ऐसा रखा जाता है कि एक डिब्बा तो ट्रेन के एकदम आगे रहता है, जबकि दूसरा डिब्बा उससे एक फर्लांग पीछे । किसी भी स्टेशन पर गाड़ी तीन, चार या पांच मिनट के लिए रुकती है । ऐसी स्थिति में क्या आप उम्मीद करेंगे कि अटेंडेंट से कि वह पिछले डिब्बे से दौड़कर पहले डिब्बे में आए और यात्रियों को अपेक्षित सुविधा प्रदान कर सके ?

जहां तक मैं समझता हूं, बिहार और उत्तर प्रदेश में रेल दुर्घटनाएं विधि-व्यवस्था के खराब होने के कारण होती हैं, ऐसा तो नहीं है । मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि रेलवे के रख-

[प्रो० अजित कुमार मेहता]

रखाव के अभाव के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। 9,000 किलोमीटर रेलवे ट्रेक बदला जाना है, और बहुत से काम करने हैं। जब रेलवे का कम्पार्टमेंट पुराना हो, ट्रेक पुराना हो, तो दुर्घटनाएं होंगी ही और चोरी-डकैती भी होगी ही

सरकार बिना-टिकट यात्रा करने वालों को रोकने में आज तक कितना सफल हो पाई है? मैं दावे के साथ कहता हूं कि सरकार इसमें कभी सफल नहीं हो पाएगी, जब तक वह बिना-टिकट यात्रा करने वालों को दंडित नहीं करेगी। आप ने अभी तक तो यह किया है कि बिना टिकट यात्रा करने वालों को, हाई जैकर्स को केवल पुरस्कृत किया है। पुरस्कृत की नीति को छोड़ कर दण्डित करने की नीति अपनाएं।

अन्तिम बात....

MR. DEPUTY-SPEAKER: All of us are travelling without tickets.

SHRI AJIT KUMAR MEHTA: Sir, we are holding Valid passes. We are not wtihotut tickts.

आखिर में मैं यह कहना चाहता हू कि जहां भी लूटपाट और डकैती की घटनाएं ट्रेन में होती है उसके लिए आप के पास कोई ऐसी व्यवस्था है जिस में कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार अफसरों के ऊपर जिम्मेदारी डाली जाए? अगर ऐसी व्यवस्था है तो आज तक आपने कितने लोगों के ऊपर जिम्मेदारी डाली है क्योंकि ट्रेन में जो रावरी या डकैती की घटना होती है उस के अंदर कहीं न कहीं, कोई न कोई लापरवाही जरूर होती है। आज तक आप किसी के ऊपर जिम्मेदारी डाल सके हैं?

इन सारी बातों के साथ अब मैं आप से एक सवाल पूछना चाहूंगा कि यात्रियों की यह दुर्दशा कब तक होती रहेगी? यात्रियों की इस तरह की दुर्दशा कि कभी दुर्घटना के शिकार हो जाएं, कभी चोरी डकैती के शिकार हो जाएं, कभी लूटपाट के शिकार हो जाएं, यह स्थिति कब तक चलती रहेगी? आखिर कब तक हम प्रतीक्षा करते रहेंगे? क्या अनन्त काल तक ऐसे ही होता रहेगा? आप उस के लिए एक समय की सीमा बांधे।

दूसरी बात यह कि आज तक जितनी भी लूट पाट की और डकैती की घटनाएं हुई हैं उस में आप के आर० पी० एफ० या जी० आर० पी० के लोगों ने कितनी घटनाओं को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। यदि उन्होंने इस में सफलता प्राप्त की है तो कितनी इस तरह की घटनाओं में जिन का सामान लूटा गया है उन के सामान की वापसी हुई है?

अन्त में लखनऊ मेल वाली घटना का जिक्र करना चाहता हूं जिसमें हमारे कुछ माननीय संसद सदस्य यात्रा कर रहे थे जिन का सामान लूटा गया। मंत्री ने बताया है कि बहुत सा सामान उस में बरामद हो गया है, तो मैं यह जानना चाहूंगा कि उन दोनों माननीय संसद सदस्यों में से किस किस का कितना सामान अब तक वापस किया जा सका है?

श्री केदार पांडे: माननीय सदस्य मेहता जी हमारे पड़ोसी हैं। समस्तीपुर में जो अभी एक्सीडेंट हुआ मैं स्वयं वहां गया था और मैं ने देखा, जो वहां पर लोग घायल हुए थे उन को भी मैंने देखा; 6 आदमी मर गए हैं, यह वास्तव में बहुत ही अफसोस की बात है। गत सशन के बाद इधर एक्सीडेंट्स कम हो गए

थे एक भी घटना नहीं घटी थी... (व्यवधान)... पिछली बार जब सदन ऐडजर्न हुआ उस के बाद और इसके बीच में यह एक ही दुर्घटना हुई है। इसके पहले तो सीरीज आफ ऐक्सीडेंट्स होते थे। इधर जब इंटेंसिव इंसपेक्शन हम लोगों ने कराया है और ज्यादा ध्यान इस तरफ दिया है तो केवल यह एक दुर्घटना घटी। यह भी नहीं घटनी चाहिए थी। मैं यह नहीं कहता कि यह घटनी चाहिए थी। लेकिन इतनी बात कहता हूं कि जितने एक्सीडेंट्स पहले हुए, उस के अनुपात में पिछले दो ढाई महीने के अंदर यह एक एक्सीडेंट हुआ जिस में 6 आदमी मरे हैं और करीब 38 आदमी घायल हुए हैं। मैंने जाकर उनसे मुलाकात की। काफी अफसोस हम को भी है। मेहता जी को भी है और तमाम माननीय सदस्यों को है। वह जानते हैं कि क्यों यह हुआ, यह कोलीजन की बात है.... (व्यवधान).... इसमें न तो कोई ट्रैक की खराबी थी और न कोचेज की कोई खराबी थी। इसमें ह्यूमन एरर थी..(व्यवधान) मैंने आपको बहुत ध्यान से सुना है, आप भी मेरे जवाब को ध्यान से सुनिए। मैं यह कह रहा था कि दो ट्रेंस का कोल्यूजन हो गया—एक ट्रेन तो स्टेशन पर खड़ी है और दूसरी ट्रेन आकर धक्का मारती है। इसमें तो कोई मैकेनिकल ट्रबुल वगैरह की बात ही नहीं थी। इसमें तो ह्यूमन नेग्लिजेंस हुआ है और उनको मैंने डिस-मिस कर दिया है। जो उसमें एम्पलाईज थे, ऐसा मालूम होता है, या तो वे शराब पिए हुए थे या उनकी आंखें बन्द थीं। इसलिए मैंने उनको तुरन्त डिसमिस किया है। यही ऐक्शन हम ले सकते थे, और क्या कर सकते हैं? उसके बाद इंक्वायरी भी चल रही है। (व्यवधान)

जैसा कि मैंने बतलाया है, हमारे पास टोटल 25 हजार कोचेज हैं जिनमें से साढ़े सात हजार ओवर-एजेड हैं। 1200 नयी कोचेज बनाकर हर साल हम अपनी फ्लीट में जोड़ते हैं। इस तरह से कुछ कोचेज को हम रिप्लेस करते हैं और कुछ को आगे बढ़ाते हैं। (व्यवधान) जो कोचेज पुरानी हो जाती हैं उनको हम स्क्रैप करके बेचते हैं। जो कोचेज ठीक करने लायक होती हैं उनको ठीक करते हैं और जो यूजलेज हैं उनको ढोने से कोई फायदा नहीं है, इसलिए उनको स्क्रैप कर देते हैं।

जहां तक इस घटना का संबंध है, इसके लिए हमें बहुत अफसोस है। जैसा कि मैंने पहले बतलाया, पहले एक्सीडेंट्स बहुत होते थे, पिछले सेशन के पहले दिन ही मुझे यहां पर एडजर्नमेंट मोशन फेस करना पड़ा था और उसमें पूरी तरह से डिस्कशन हुआ था। अब पुरानी कहानी को दोहराने से तो कोई फायदा होगा नहीं, आगे की बात हमको सोचनी चाहिए। जहां तक एक्सीडेंट्स की बात है, भगवान न करे, कोई भी एक्सीडेंट हो। हम तो एक भी एक्सीडेन्टस नहीं चाहते हैं और कोई भी ऐसा नहीं चाहेगा। न तो हम चाहते हैं और न आप ही चाहते हैं कि एक्सीडेंट्स हों। एक्सीडेंट् कोई अच्छी चीज नहीं है। लेकिन इसको रोकने के लिए दो चीजें चाहिए—एक तो रेल बढ़िया हो, व्हील बढ़िया हो और कोचेज, वैगंस अच्छे हों। इसके लिए हम पूरा प्रयास कर रहे हैं। अगर आप कहें कि अवधि बतला दूं तो यह संभव नहीं है। बहरहाल हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमें कोचेज चाहिए जिसके लिए एक और नयी कोच फैक्टरी बनानी होगी। लेकिन एक दिन में यह कैसे हो सकता है। अभी हम 1200 से अधिक कोचेज एक साल में नहीं बना सकते हैं। नयी कोच फैक्टरी बनाने के लिए समय चाहिए। आप चाहते हैं वन फाईन मार्निंग सभी कुछ सुधर जाए——ऐसा तो नहीं हो सकता है।

[श्री केदार पांडे]

जहां तक लॉ-एंड-आर्डर की बात है, वह भी सुधरेगी। ऐसा नहीं है कि वह बराबर वैसी ही रहेगी। उसमें सुधार होगा और सुधार हो रहा है। जैसा कि मैंने आपको बताया है कि दो-तीन कदम हमने उठाए हैं—एक यह कि जो नाइट ट्रेन चलेंगी, उनमें हम गार्ड दे रहे हैं और दूसरी जो पैसेंजर ट्रेन हैं, उनको सुपरवाइजर भी चैक करेंगे। अभी पीछे दो लाख आदमी बिना टिकट के सफर करते हुए पकड़े गए। उनको सजा भी हुई और यह काम फिर शुरू हो जाएगा। बिना टिकट सफर करने वालों में बड़े-बड़े आदमी पकड़े गए हैं। बिना टिकट सफर करना तो लोगों ने एक रूटिन वर्क बना लिया है, जो कि देश के लिए हितकर नहीं है। यह अपने देश की बात है, मैं और ज्यादा क्या कहूं। टिकटलैस ट्रैवलिंग एक पुरानी बीमारी है।

एक माननीय सदस्य : बिहार में ज्यादा है।

श्री केदार पांडे : बिहार में ही नहीं सारे देश में है। बंगाल में और भी ज्यादा है। आप भारत की बात कीजिए। सारे भारत में टिकटलैस ट्रैवलिंग एक बीमारी है, रूटीन-वर्क है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप सारे भारत की बात सोचिए।

इन शब्दों के साथ मैं कहता हूं कि लॉ-एंड-आर्डर भी सुधरेगा, डकैती भी बन्द होगी, चोरी भी बन्द होगी और बिना टिकट के चलने वालों की संख्या में भी कमी होगी। बड़े-बड़े लोग पकड़े गए हैं कोई प्रिंसिपल है और न जाने कौन-कौन लोग हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री वसंत साठे) : टी० वी० पर बिना टिकट सफर करने वाले लोगों को दिखाया गया है।

श्री केदार पान्डे : मंत्री जी बता रहे हैं कि टी० वी० पर टिकटलैस पकड़े गए लोगों को दिखाया है। हमने देखा है कि बड़े-बड़े लोग पकड़े गए हैं। टिकटलैस ट्रैवलिंग ब्लड-शूगर जैसी बीमारी है जो समाज के ब्लड में घुस गई है, इसको निकालना होगा और यह सब के सहयोग से ही निकलेगी केवल हमारे ही प्रयासों से नहीं। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह निराशा की बात नहीं है, यह देश बनेगा, जरूर बनेगा। हम इस दिशा में बहुत कुछ आगे गए हैं, कहीं-कहीं पर गड़बड़ियां हैं, उसको हम ठीक करेंगे।

---

15.22 hrs.

## MATTERS UNDER RULE 377

### (i) CONSTRUCTION OF AN AIRPORT AT CALICUT

†SHRI V. S. VIJAYARAGHAVAN (Palaghat): According to the latest report, the land required for the airport at Calicut is inadequate. This has created some apprehension in the minds of the people of Kerala that ultimately this project may be shelved permanently on one pretext or the other. This matter has been hanging fire for over a decade. After passing through many uncertainties, ultimately the authorities decided to have the site inspected and land acquired. On 1st April, 1981, the hon. Prime Minister assured the people of Kerala that

†The Original speech was delivered in Malayalam.